mee j -meceeÛee j

10 Je 20 ®HeS keâ veS veeŠe keâe keâcee

सायला, (निसं)।सायला उपखंड मुख्यालय पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा सायला में लंबे समय से 10 एवं 20 रुपए मूल्य वर्ग के नए नोटों की पर्याप्त गड्डियं उपलब्ध नहीं होने से ग्राहकों और व्यापारियों को नकद लेन-देन में कठिनाई का सामना करना पड रहा है। समाजसेवी एवं ग्राहक डूंगरसिंह देवडा ने इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक, जोधपुर को एक प्रार्थना पत्र भेजकर बताया है कि सायला शाखा इस क्षेत्र की प्रमुख शाखा है, जहाँ दैनिक रूप से भारी मात्रा में नकद लेन-देन होता है। इसके बावजूद शाखा में 10 और 20 रुपए मूल्यवर्ग के नोटों की अनुपलब्धता के कारण ग्राहकों व व्यापारियों को असुविधा हो रही है। देवडा ने पत्र में कहा है कि दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार पर छोटे मूल्यवर्ग के नोटों की विशेष आवश्यकता रहती है, परंतु सायला शाखा में इनकी कमी के चलते ग्राहकों को खुले पैसे की भारी परेशानी झेलनी पड रही है। उन्होंने बैंक प्रबंधन से आग्रह किया है कि शीघ्र ही शाखा में 10 व 20 मूल्यवर्ग के नए नोटों की पर्याप्त गड्डियाँ उपलब्ध कराई जाएं ताकि ग्राहकों को बेहतर सेवा मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अन्य शाखाओं में ये नोट पहले से उपलब्ध करा दिए गए हैं, जबकि सायला शाखा अब तक वंचित है।

vej keâe veejeÙeCe ceeve eveHeŠeÙe 20 yeŠJeej

बालोतरा, (निसं)। ग्रामीण सेवा शिविर-2025 राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार समदडी तहसील की दो ग्राम पंचायतों फूलण और बामसीन में आयोजित शिविरों में एक साथ 20 लंबित बंटवारे निपटाए गए, जिससे कुल 77 काश्तकारों को उनके मालिकाना हक मिले। उपखंड अधिकारी सुरेन्द्र सिंह खंगारोत और तहसीलदार समदडी की मौजूदगी में दोनों ग्राम पंचायतों में राजस्व टीम ने तत्परता दिखाते हुए आपसी सहमति के आधार पर बंटवारे की प्रक्रिया पूरी की। ग्राम पंचायत फूलण शिविर में एक साथ 10 बंटवारों को निपटाया गया, जिससे लगभग 45 काश्तकारों को लाभान्वित किया गया। सभी बंटवारे के दस्तावेज उन्हें मौके पर ही सौंप दिए गए। वहीं ग्राम पंचायत बामसीन में एक साथ 10 बंटवारों को सफलतापूर्वक निपटाया गया, जिससे लगभग 32 काश्तकारों को लाभ मिला और उन्हें उनके बंटवारे के दस्तावेज सुपुर्द किए गए। लंबे समय से लंबित बंटवारे निपटाए जाने से अब इन 77 काश्तकारों को अपनी जमीन पर पूर्ण स्वामित्व का कानूनी अधिकार प्राप्त हो गया है। इससे वे अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि आदान अनुदान सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे और आसानी से कृषि कार्य कर सकेंगे। राजस्व अधिकारियों की पहल व शिविरों के लिए काश्तकारों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताया।

ceneJeej FšjveMeveue JeOeceeve keâe ye"keâ

बालोतरा, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल वर्धमान बालोतरा के काफी सदस्यों द्वारा गायों को गुड़ चारा देकर लाभ लिया। उसके बाद शताब्दी भवन नाकोड़ा परिसर में जनरल मीटिंग प्रार्थना से प्रारंभ की गई मीटिंग में भावी कार्य म की रूपरेखा तय की गई।सभी सदस्यो ने अपना अपना परिचय देकर सुझाव दिये। इस मौके पर संस्थापक सदस्य वीर पवन नाहटा, अध्यक्ष वीर अशोक कुमार चोपडा, सचिव वीर सुरेश कुमार गोठी, महावीर गोलेछा, चिकित्सा प्रभारी वीर दिनेश वडेरा, जयंतीलाल हुंडिया, वीर रतनलाल छाजेड, वीर प्रवीण भंसाली, अनिल दांती, संतोष गर्ग, उमाशंकर टिबरेवाल, वीर अशोक भंडारी, संपत बालड आदि ने भाग लिया। सचिव सुरेश गोठी ने सभी सदस्य का आभार धन्यवाद प्रेषित किया।

ie[eceeueevee ce mee.Sue.pee. keâe ye"keâ nF

गुड़ामालानी, (नि.सं.)। गुड़ामालानी थाने परिसर में थाना प्रभारी देवीचंद ढाका एवं एएसआई जयकिशन विश्नोई के निर्देशन में सीएलजी बैठक आयोजित हुई। जिसमें दीपावली पर्व को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी देवीचंद ढाका ने सीएलजी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार है । इसमें हर नागरिक को अपने कर्तव्य को समझते हुए आगजनी घटनाओं पर ध्यान देते हुए बच्चों को पटाखों से दुर रखे। सावधानी रखे, जिससे अप्रिय घटनाएं ना हो।

ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण

जालोर, (कासं)। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभांवित करने तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए शुक्रवार को जिले की 13 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सिराणा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में पहुँच व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में लगाई गई हेल्प डेस्क पर जाकर अधिकारियों व कार्मिकों से विभागवार योजनाओं की जानकारी लेकर अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभांवित करने की बात कही। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शिविर के माध्यम से आमजन को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित करने तथा उनके समस्याओं का निस्तारण कर राहत पहुचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्याएँ जानी तथा समस्याओं के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थियों को नामांतरण पत्र वितरित किए। गर्ग ने सूफी देवी पत्नी भीखसिंह व रसाल कंवर पत्नी उम्मेदसिंह को आबादी भूमि विक्रय विलेख (पट्टा) प्रदान किए तथा कुनणी देवी पत्नी रावताराम, डालूराम पुत्र गुमनाराम व वेलाराम पुत्र खेताराम को मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किए।

कैंप में सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, विकास अधिकारी गौरव विश्नोई, उदयसिंह दादाल, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, मंगलसिंह सिराणा, सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शुक्रवार को जालोर तहसील की सामतीपुरा व तीखी, आहोर तहसील की गोदन व सांकरणा, सायला तहसील की सिराणा, जसवंतपुरा तहसील की सोमता व खानपुर, रानीवाड़ा तहसील की कूडा व करड़ा, सांचौर तहसील की डबाल व पहाड़पुरा एवं चितलवाना तहसील की विरावा व सेसावा ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि 18 अक्टूबर को जालोर तहसील की सांथू व नून, आहोर की डोडीयाली व हरजी, रानीवाड़ा की रतनपुर व सेवाड़ा, सांचौर की सरवाना व पालडी सोलंकियान एवं चितलवाना की गोमी व हाडेचा में ग्रामीण सेवा शिविर लगेंगे।

खेजड़ी युक्त मिट्टी मिलेगी

जोधपुर, (नि.सं.)। धनतेरस पर लुप्त हो रही परम्परा को जीवंत करने के उद्देश्य को लेकर किला रोड स्थित रिक्तेश्वर भैरूनाथ मंदिर परिसर में खेजड़ी युक्त मिट्टी के रूप में धन उपलब्ध रहेगा।

गजमहालक्ष्मी के महंत प्रभाकर श्रीमाली ने बताया कि पुरातन परम्परा के संरक्षण को लेकर आज की युवा पीढ़ी को जागरुक रखना जरूरी हो गया है।

मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह आज

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के चामुण्डा गार्डन में शनिवार को मुस्लिम समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी एसोसिएशन (रकमा) जालोर के जिलाध्यक्ष भंवरू खान पठान ने बताया कि मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन चामुंडा गार्डन, जालोर में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। प्रदेश सचिव मोहम्मद रफीक शेख ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि रकमा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष अतीक अहमद होंगे। इस अवसर पर जिले के उन छात्र छात्राओं को मोमेंटो, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष जनाब इरफान खान ने कहा कि शिक्षा ही प्रगति का रास्ता है। इस मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति मंजिल को अवश्य प्राप्त करता है।

yeeueelejeceYeepehee keâeÙeeueÙe Me¤

बालोतरा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय का शुभारंभ शनिवार को व्हाइट क्लब हॉस्पिटल के सामने आकाशगंगा कोरियर के ऊपर विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश पुरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन पूर्व पार्षद पूर्व सभापति इस कार्यक्रम में एवं धनतेरस पर कार्यालय के शुभारंभ पर आऐंगे।

peejeece ve eJekeâeme keâeÙee keâe ueekeâeHeCe ekeâÙee

पाली /सुमेरपुर, (नि.सं.)। सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पालड़ी जोड़ में आयोजित ग्राम सेवा शिविर का पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

जोराराम कुमावत ने 15 वे वित आयोग योजनान्तर्गत स्वीकृत 4.25 लाख रुपए की लागत से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में निर्मित सी सी ब्लॉक रोड, महा नरेगा में स्वीकृत राशि से सी सी रोड व नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत बामनेरा में ग्राम सेवा शिविर का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2021-22 में नाबार्ड द्वारा संचालित योजना आरआईडीएफ के अंतर्गत 75 लाख रुपए की लागत से बनी 3 किलोमीटर लंबी मिसिंग लिंक सड़क का लोकार्पण भी किया। यह सड़क बमनेरा से पोयना तक बनाई गई है।

जोराराम कुमावत ने बमनेरा में ही राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण का शिलान्यास भी किया। इस भवन के लिए राशि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वीकृत हुई है।

इस मौक़े पर बीजेपी जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, मंडल अध्यक्ष हडमत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष लाला राम देवासी, एसडीएम कालूराम कुम्हार, तहसीलदार दिनेश आचार्य, भरत सिंह राजपुरोहित पालड़ी जोड़, प्रधान प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह, बामनेरा सरपंच रमणीक त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

नई मुद्रा का वितरण किया

जालोर,(का.सं.)। आईसीआईसीआई बैंक, जालोर शाखा में आरबीआई के सौजन्य से सिक्का एवं मुद्रा वितरण मेला आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक गौतम जैन तथा जालोर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक नारायण सिंह चारण रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्राहकों एवं गैर-ग्राहकों ने भाग लिया और सिक्कों व नई करेंसी के वितरण का लाभ उठाया। इस मेले के माध्यम से आमजन को छोटे मूल्य के सिक्के एवं नई करेंसी आसानी से उपलब्ध करवाई गई, जिससे बाजार में लेनदेन को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। मुख्य अतिथियों ने बैंक की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन जनहित में अत्यंत उपयोगी हैं। गणेश दान क्षेत्रीय प्रमुख, रक्षित माथुर शाखा प्रबंधक एवं टीम ने उपस्थित सभी अतिथियों और लाभार्थियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

जोधपुर संवाददाता के अनुसार : श्री हनवन्त एज्यूकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष व कार्यकारिणी के 14 सदस्यों के चुनाव 16 नवम्बर को श्री हनवन्त एज्यूकेशनल सोसायटी, पावटा 'बी' रोड़ में प्रात: 9 से सांय 5 बजे तक होंगे। सहायक रिटर्निंग अधिकारी शैतान सिंह राजपुरोहित ने बताया कि नामांकन पत्र के प्रपत्र 100 रुपए शुल्क देकर हनवन्त एज्यूकेशनल सोसायटा कार्यालय से 3 नवम्बर से प्रात: 10 बजे से 4 बजे सांय तक प्राप्त किए जा सकेंगे

ßeæepeeue oe

जैसलमेर, (नि.सं.)। पिछले मंगलवार को घटित बस हादसे के मृतक लोगों की स्मृति में शुक्रवार को हनुमान सर्किल के पास गांधी दर्शन के आगे भाजपा परिवार ने श्रद्धांजलि सभा की।

मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष दलपत हींगड़ा, जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, विधायक छोटू सिंह भाटी, महामंत्री मनोहर सिंह दामोदरा , सुरेश सुथार , चंद्र प्रकाश सारदा आदि मौजूद रहे।

yeeOe keâe Heevee mšejpe keâe eveCeÙe

जालोर, (कासं)। बीठन बांध से सिंचाई जल वितरण के लिए जल वितरण समिति की बैठक जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी प्रीति की अध्यक्षता में शुक्रवार को उप तहसील कार्यालय रामसीन में हुई। बैठक में बीठन बांध के पानी को स्टोर रखने तथा नहर का सीमांकन करवाने का निर्णय लिया गया। रामसीन ऑफिस कानूनगो हकीम खां, डब्ल्यूयूए अध्यक्ष गंगासिंह परमार, जल संसाधन बांडी-सणधरा के सहायक अभियंता श्यामसिंह, पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता राजकुमार खत्री, रामसीन थानाधिकारी मोहनलाल, राजस्व निरीक्षक छगनसिंह, पटवारी केवाराम सहित कई जने उपस्थित रहे।

OeHeeIme Je ceveeÙee

पाली, (नि.सं.)। शुक्रवार को कृष्णा विद्या मंदिर उ. मा. विद्यालय पाली व राइट च्वाइस पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं द्वारा अनोखी व बेहतरीन दिवाली मनायी गयी। विद्यालय के शिक्षको व विद्यार्थियों ने श्याम पट्ट पर दीपावली शुभकामनाओं के संदेश सम्पूर्ण भारत के लिए लिखे। कक्षा नवमी की छात्रा सारा बानो, योगिता प्रजापत, ख़ुशी गर्ग ने अपनी कक्षा के श्याम पट्ट पर मां लक्ष्मी, गणेश व सरस्वती जी बहुत रोचक और सुंदर चित्रकारी की। गरबा का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षको व अभिभावकों ने गरबा के गीत पर खूब नृत्य किए। इस अवसर पर जयशंकर त्रिवेदी , जयेश शर्मा, अंबालाल, जितेश लंगेशा मौजूद रहे।

कार्यालय नगरपालिका बाली (पाली) राज.

Tel.- (02938) 222045 E-mail : municpalboardbali@yahoo.in

क्रमांक : न.पा.बा./2025-26/2619 दिनांक : 15.10.2025

-:: Notice Inviting Bid MB-13/2025-26::-

Bid for work(01 to 04 Nos 3.96 lacs) of subject matters of procurement are invited from interested bidders upto (date)& (time). Other particulars of the bid may be visited nagar palika Bali.

S.NO	Work Name	Amount
1	CONSTRUCTION BLOCK VARIOUS PLACE IN WARD NO 25 BALI	0.99
2	CONSTRUCTION BLOCK VARIOUS PLACE IN WARD NO 21 BALI	0.99
3	CONSTRUCTION OF C.C. ROAD VARIOUS PLACE IN BALI	0.99
4	CONSTRUCTION OF DIVIDER REMAINING WORK BALI.	0.99

राज.संवाद/सी/25/12482

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बाली

कार्यालय ग्राम पंचायत गोदन, पं.स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक/ग्रापं/2025-26/101 दिनांक: 17.10.2025

निविदा सूचना संख्या 04/2025-26

ग्राम पंचायत गोदन द्वारा कुल 1 कार्यो हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग , जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in, एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

NIB NO : ZJR2526A0550
UBIN : ZJR2526WSOB00878

सरपंच / प्रशासक ग्राम पंचायत गोदन पं.स. जालोर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गोदन पं.स. जालोर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत देवकी, पं.स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक/ग्रापं/2025-26/47 दिनांक: 17.10.2025

निविदा सूचना संख्या 04/2025-26

ग्राम पंचायत देवकी द्वारा कुल 1 कार्यो हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग , जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in , http://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

NIB NO : ZJR2526A0551
UBIN : ZJR2526WSOB00879

सरपंच / प्रशासक ग्राम पंचायत देवकी पं.स. जालोर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देवकी पं.स. जालोर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत देवकी, पं.स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक/ग्रापं/2025-26/41 दिनांक: 16.10.2025

निविदा सूचना संख्या 03/2025-26

ग्राम पंचायत देवकी द्वारा कुल 2 कार्यो हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग , जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

NIB NO : ZJR2526A0549
UBIN : ZJR2526WSOB00876 to ZJR2526WSOB00877

सरपंच/प्रशासक ग्राम पंचायत देवकी पं.स. जालोर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देवकी पं.स. जालोर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत रेवत, पं.स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक : 2025-26/101 दिनांक: 13.10.2025

ई-निविदा सूचना 04/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रेवत पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 शेष अवधि में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदाताओ / फर्मो से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है । निविदा फार्म/शर्ते ऑनलाईन वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in तथा ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

NIB No : ZJR2526A0540
UBN No. : ZJR2526SSOB00866

सरपंच/ प्रशासक ग्राम पंचायत रेवत पं. स. जालोर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत रेवत पं. स. जालोर (राज.)

फॉर्म-ए
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)

उशदेव विंडपार्क प्राइवेट लिमिटेड के लेनदार के ध्यानार्थ हेतु

प्रासंगिक विवरण

1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम	उशदेव विंडपार्क प्राइवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट देनदार के गठन की तिथि	22.11.2012
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट देनदार गठित/ पंजीकृत है	कंपनी रजिस्ट्रार, चेन्नई
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान सं.	U40300TN2012PTC088608
5.	कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	पंजीकृत कार्यालयः संख्या 262/2, द्वितीय तल, जेपी कॉम्प्लेक्स, द्वितीय मिडिल स्ट्रीट, महाराजनगर, तिरुनेलवेली, तमिलनाडु-627011, भारत पूर्व पंजीकृत कार्यालयः संख्या ए9, प्रथम तल, (पुराना क्रमांक 18) पारसन कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, संख्या 600, माउंट रोड, चेन्नई, तमिलनाडु - 600006, भारत
6.	कॉर्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि	14.10.2025
7.	दिवाला समाधान प्रक्रिया समापन होने की अनुमानित तारीख	11.04.2026
8.	अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या	एस राजेंद्रन आईबीबीआई रजि. सं. IBBI/IPA-002/IP-N00098/2017-18/10241
9.	अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल का पता और ईमेल पता जो बोर्ड के पास पंजीकृत हो	दूसरी मंजिल, हरि कृपा, 71/1, मैक निकोलस रोड, चेतपेट, चेन्नई - 600 031. ईमेलः cs.srajendran.associates@gmail.com
10.	अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल	सी/ओ एस राजेंद्रन एंड एसोसिएट्स दूसरी मंजिल, हरि कृपा, 71/1, मैक निकोलस रोड, चेतपेट, चेन्नई - 600 031. ईमेलः cirp.ushdevwindpark@gmail.com
11.	दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	28.10.2025
12.	धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई, सुनिश्चित की गई हो	लागू नहीं
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है	वेबलिंकः https://ibbi.gov.in/en/home/downloads भौतिक पताः एन.ए

सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, चेन्नई द्वारा 14/10/2025 को **उशदेव विंडपार्क प्राइवेट लिमिटेड** की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है।

उशदेव विंडपार्क प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों को इसके द्वारा आवाह किया जाता है कि प्रविष्टि नं. 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल को 28.10.2025 तक या उससे पहले सबूत के साथ अपने दावें प्रस्तुत करे।

वित्तीय लेनदार अपने दावे प्रमाण के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना लगाया जाएगा।

एस राजेंद्रन
अंतरिम समाधान पेशेवर
आईपी पंजीकरण संख्याः IBBI/IPA-002/IP-N00098/2017-18/10241
(असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 31.12.2025 तक मान्य)

दिनांकः 18/10/2025
स्थानः चेन्नई

उत्तर पश्चिम रेलवे — **ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना**

No. Comml/E-auction/2025/44 Date : 15.10.2025

उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न गाड़ियों में हाइब्रिड NFR (ऑन बोर्ड खरीदारी) एवं विभिन्न स्टेशनो पर पार्सल स्कैनर मशीन/पार्किंग स्टैंड/विज्ञापन – OOH (विभिन्न लेवल क्रासिंग गेट LC Gate)/एम. पी. एस (MPS)/ दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ/MSS- इंटीग्रेटेड कॉन्ट्रैक्ट/MSS-हेल्थ चेक कियॉस्क/ पूजा सामग्री कियॉस्क/पे एंड यूज-(वेटिंग रूम/रिटायरिंग रूम/क्लॉक रूम) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं।

1	कार्य का नाम	(1)	जोधपुर मंडल के स्टेशन पर पार्सल स्कैनर मशीन के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(2)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर पार्किंग स्टैंड के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(3)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर वाणिज्यिक विज्ञापन के ठेके हेतु आउट ऑफ होम (OOH) एवं विभिन्न लेवल क्रासिंग गेट LC Gate पर आउट ऑफ होम आदि का ई-ऑक्शन
		(4)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर एम. पी. एस (MPS) के ठेके हेतु इ-ऑक्शन
		(5)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ के ठेके हेतु इ-ऑक्शन
		(6)	जोधपुर मंडल के गाड़ियों में हाइब्रिड NFR (ऑन-बोर्ड खरीदारी) के ठेके हेतु इ-ऑक्शन
		(7)	जोधपुर मंडल के स्टेशन पर MSS – इंटीग्रेटेड कॉन्ट्रैक्ट के ठेके हेतु इ-ऑक्शन
		(8)	जोधपुर मंडल के स्टेशन पर MSS- हेल्थ चेक कियॉस्क के ठेके हेतु ई-ऑक्शन
		(9)	जोधपुर मंडल के स्टेशन पर पूजा सामग्री कियॉस्क के ठेके हेतु इ-ऑक्शन
		(10)	जोधपुर मंडल के स्टेशन पर पे एंड यूज- (वेटिंग रूम/रिटायरिंग रूम /क्लॉक रूम) के ठेके हेतु इ-ऑक्शन
2	कार्य की अवधि	(1)	पार्सल स्कैनर मशीन : 5 वर्ष लिए
		(2)	पार्किंग : 3 वर्ष
		(3)	विज्ञापन (आउट ऑफ होम) : 5 वर्ष
		(4)	एम. पी. एस (MPS) : 5 वर्ष
		(5)	दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ : 3 वर्ष
		(6)	हाइब्रिड NFR (ऑन-बोर्ड खरीदारी) 3 वर्ष
		(7)	MSS – इंटीग्रेटेड कॉन्ट्रैक्ट : 5 वर्ष
		(8)	MSS- हेल्थ चेक कियॉस्क : 3 वर्ष
		(9)	पूजा सामग्री कियॉस्क : 3 वर्ष
		(10)	पे एंड यूज : (वेटिंग रूम /रिटायरिंग रूम/क्लॉक रूम) – 3 वर्ष
3	लॉट के ई-ऑक्शन प्रारम्भ की तिथि व समय	(1)	Parcel Scanner Machine : MSS - PSM-JU-07 दिनांक 25-10-2025 को 12:00 बजे से
		(2)	PARKING: Parking -JU- 69 दिनांक 27-10-25 को 11:00 बजे से
		(3)	ADVT: (1) OOH- JU-76 दिनांक 27-10-2025 को 12:00 बजे से
		(4)	MPS: MPS-JU-39 दिनांक 27-10-2025 को 15:00 बजे से
		(5)	Two-wheeler Bike packing services: MSS-JU-TWnPS-14 दिनांक 28-10-25 को 11:00 बजे से
		(6)	Hybrid NFR : HYB-OnB-JU-22 दिनांक 28-10-25 को 12:00 बजे से
		(7)	MSS - Integrated Contract: Integrated-JU -25-07 दिनांक 29-10-25 को 12:00 बजे से
		(8)	MSS - हेल्थ चेक कियॉस्क : MSS-JU-HIthK-03 दिनांक 30-10-25 को 12:00 बजे से
		(9)	Pooja Samagri Kiosk: MSS-JU-PSKsK-11 दिनांक 31-10-2025 को 12:00 बजे से
		(10)	Waiting / Retiring / Cloak Rooms: KMNC-WR-RR-CR-7 दिनांक 01-11-25 को 12:00 बजे से
4	वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज ई-ऑक्शन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है :www.ireps.gov.in		

1332-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

OFFICE OF THE DY. CONSERVATOR OF FOREST , WILDLIFE, JAISALMER

No:F( )Store / DCFWL /2025/6585 Date : 16.10.2025

NOTICE INVITING TENDER

Offline Bids for Construction works as per below NIT Number under wildlife Division Jaisalmer are invited from interested bidders 10.10.2025 to 28.10.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state.

NIB Code	UBN No.
FOR2526A1962	FOR2526WSOB02663
FOR2526A1964	FOR2526WSOB02664
FOR2526A1965	FOR2526WSOB02666
FOR2526A1966	FOR2526WSOB02667
FOR2526A1967	FOR2526WSOB02668
FOR2526A1968	FOR2526WSOB02669
FOR2526A1969	FOR2526WSOB02670

Dy.Conservator of Forest Wildlife Jaisalmer